DAY-NULM
Deendayal Antyodaya Yojana-National Urban Livelihoods Mission

# स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों से गुलजार हो रहा बाजार

## नगर निकायों में सजी है बाजार, मिठाई, रंग व अबीर की बिक्री की मची है धूम

### लगाया हर्बल अबीर-गुलाल का स्टॉल



स्टाल में मौजूद समूह की महिलाएं.

**शहर के सात जगहों पर बिक्री के लिए लगाया गया है स्टॉल**

**प्रतिनिधि, मेदिनीनगर**

होली पर्व की तैयारी जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जोरों पर है. होली पर्व को लेकर बाजार में भी रौनक बढ़ गयी है. पर्व से जुड़े सामान की खरीदारी के लिए काफी संख्या में लोग ग्रामीण इलाकों से शहर पहुंच रहे हैं. बाजार में पर्व से जुड़े सामान की दुकानें सजी हुई है. इसी बीच हर्बल अबीर-गुलाल उत्पाद को लेकर स्वयं सहायता समूह ने शहर के सात जगहों पर बिक्री के लिए स्टॉल लगाया है. दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़े समूहों ने हर्बल उत्पाद व अन्य खाद्य सामग्री का स्टॉल लगाया. शहर के हमुहान, शहीद भगत सिंह चौक, भाष चौक, बैरिया चौक, रेड़मा क, कचहरी परिसर एवं स्टेशन रोड में समूह का स्टॉल लगा है. सामुदायिक संगठनकर्ता राजन सिंह, रिम्पी कुमारी के अलावा सीआरपी समूह के सदस्यों को इस कार्य में सहयोग करते देखा गया. राजन सिंह ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए यह स्टॉल लगाया गया है. 15, 16,17 मार्च तक स्टॉल लगेगा. समूह के सदस्यों ने विभिन्न तरह के फ्लेवर में हर्बल अबीर-गुलाल तैयार किया है. रजनीगंधा, उड़हूल, पलाश, गेंदा के फूल, चंदन, गुलाब जल आदि मिलाकर अबीर-गुलाल बनाया गया है. इसका उपयोग करने से किसी तरह का नुकसान नहीं होता है. इसके अलावा स्टॉल पर दालमोट, सेव, निमकी व अन्य खाद्य पदार्थ की बिक्री हो रही है. समूह के सदस्यों ने बताया कि दोपहर 12 बजे के बाद स्टॉल लगाया गया. लेकिन बिक्री संतोषजनक रही. सभी स्टॉल पर ग्राहकों की भीड़ देखी गयी. इस दौरान लोग अपने जरूरत व पसंद के मुताबिक समान की खरीदारी कर रहे थे.

### स्वयं सहायता समूह ने लगाया जेएनएसी गेट पर स्टॉल



**जमशेदपुर.** स्वयं सहायता समूह हम साथ- साथ, सिदगोड़ा की ओर से जेएनएसी गेट पर मंगलवार को अस्थायी स्टॉल लगाया गया. इस दौरान मिठाई, निमकी, रंग, अबीर, पिचकारी इत्यादि सामग्री का विक्रय किया गया. सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के हम साथ-साथ स्वयं सहायता समूह का गठन जुलाई 2021 में डे एनयूएलएम योजना अंतर्गत हुआ है. अध्यक्ष वीणा पांडे, सचिव रूबी देवी, कोषाध्यक्ष गीता कुंडू ने निमकी, मिठाई, रंग, अबीर, पिचकारी एवं अन्य उत्पादों की बिक्री की. मौके पर जेएनएसी के नगर प्रबंधक अजय राज, नगर मिशन प्रबंधक राकेश आनंद, मो अनवर हुसैन, सामुदायिक संगठनकर्ता सम्पूर्णा माधुरी किरण, आशिया अहमद खान सामुदायिक संसाधन सेविका सुषमा यादव आदि मौजूद थे.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA